प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

पंचायत चुनाव

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के दूसरे चरण के लिए मतदान आज शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ जो तीन बजे तक चला। दूसरे चरण के तहत प्रदेश की एक हजार 2 सौ 76 पंचायतों में वोट डाले गए। पंचायत प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती जारी है और आज रात तक सभी नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। इस बीच 30 मई को तीसरे और अंतिम चरण के लिए होने वाले मतदान को लेकर आज दोपहर 3 बजे सक्रिय चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इसके बाद अब उम्मीदवार व्यक्तिगत रूप से ही प्रचार कर सकेंगे।

मतदाता

इस बीच पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज हुए मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। खासकर बुजुर्ग मतदाताओं और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में जोरदार उत्साह दिखाया। शिमला जिले के रोहडू विकास खंड की ब्रासली पंचायत की एक सौ 10 वर्षीय सुरतुदेवी, बिलासपुर जिला की कसारू पंचायत की एक सौ वर्षीय रूपा देवी दकड़ी पंचायत की एक सौ 7 वर्षीय मनभंरू देवी, रोहडू क्षेत्र की ही दीयूदी मायला पंचायत की एक सौ 7 वर्षीय बालादेई, बिलासपुर जिला की हरनोड़ा पंचायत की एक सौ 6 वर्षीय संतराम, नुरपूर विकास खंड की पंजहड़ा पंचायत के एक सौ 5 वर्षीय बाबूराम, बिलासपुर की बल्हसीणा की पंचायत की सौ वर्षीय नरैण देई और शिमला जिला की कोहलू जुबड पंचायत की 98 वर्षीय चम्मी देवी स्वयं मतदान केंद्र पर मतदान के लिए पहुंची। आज मतदान करने वाले प्रमुख नेताओं में पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और सुरेश कश्यप ने भी अपने–अपने चुनाव क्षेत्रों में पंचायतीराज संस्थाओं के लिए वोट डाले। पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी मतदान में महिलाओं की भागीदारी अधिक रही।

दुर्घटना

कुल्लू जिला की लग घाटी की बढ़ई–बाग–पीज सड़क पर आज एक टैक्सी वाहन के गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और 9 अन्य घायल हो गए। ये लोग पंचायत चुनाव में वोट डालने के बाद शिरड़ मेला देखने जा रहे थे। घायलों को कुल्लू के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा एक बार फिर आदर्श चुनाव आचार संहिता का कथित उल्लंघन करने पर चुनाव आयोग से उनकी शिकायत की है। भाजपा मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने राज्य के मुख्य निर्वाचन आयोग को भेजी शिकायत में कहा है कि मुख्यमंत्री ने 27 मई को शिमला जिला के नेरवा में स्कूल के लिए 5 करोड़ रूपए की लागत से भवन निर्माण की घोषणा कर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया है। कर्ण नंदा ने कहा कि मुख्यमंत्री का नेरवा दौरा और घोषणाएं चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास है। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग से इस मामले में संज्ञान लेते हुए निष्पक्ष जांच करवाने और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

उत्सव

तिब्बती धर्म गुरू दलाई लामा के 90वें जन्म दिन को समर्पित तीन दिवसीय तिब्बती सांस्कृतिक उत्सव आज धर्मशाला में आरंभ हुआ। इस मौके पर निर्वासित तिब्बत सरकार के राष्ट्रपति पेंपा सेरिंग ने कहा कि इस सांस्कृतिक उत्सव का उद्देश्य भारत के लोगों को तिब्बत के इतिहास, सस्कृति और उसके भू–राजनीतिक महत्व से अवगत करवाना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में देश के अन्य शहरों में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने तिब्बती सांस्कृतिक उत्सव को भारत और तिब्बत की संस्कृति के संगम का प्रतिक बताया। उन्होंने कहा कि इस उत्सव के माध्यम से स्थानीय लोगों के साथ–साथ पर्यटकों को भी तिब्बती संस्कृति को नजदीक से समझने का मौका मिलेगा।

————————————————————————————————